हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 जून 2024



# एक जुलाई से बदल जाएगा कानून: मॉब लिंचिंग के लिए नई धारा, हत्या में अब 302 की जगह 103, धोखाधड़ी करने पर 420 नहीं 316 के तहत होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अगला महीना जुलाई के शुरू होने के साथ ही कई अहम बदलाव भी होने जा रहे हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण होगा नया कानून लागू होना। केंद्र सरकार द्वारा किए गए इस अहम बदलाव के तहत अब धाराएं बदल जाएगी। वहीं पुलिसिंग के कई नियमों में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा। अब तक हत्या के आरोप में धारा 302 के तहत कार्रवाई होती थी, लेकिन अब इस मामले में बीएनएस की धारा 103, 1 के तहत कार्रवाई होगी।

ऐसे ही धोखाधड़ी करने वाले पर धारा 420 के तहत मामला दर्ज होता था, इसमें भी बदलाव कर इसे बीएनएस की धारा 316 कर दिया गया है। वहीं अब तक मॉब लिंचिंग यानी सामूहिक हत्या करने पर कोई धारा नहीं थी, लेकिन नए कानूनों में इसके लिए भी बीएनएस की धारा 103, 2 के तहत फांसी तक की सजा दी जा सकेगी। दुष्कर्म में 376 की जगह 64 बीएनएस लगाई जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार आईपीसी, 1960 में 511 धाराएं थी, जिन्हें नए कानून बीएनएस में घटाकर 358 कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि एक जुलाई से नया कानून लागू होगा। उसमें किए गए बदलाव के मुताबिक मुकदमे दर्ज होंगे और मुख्य अपराधों की धाराएं बदल जाएगी। इसके लिए अनुसंधान अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई है। तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। यानी इंडियन पीनल कोड की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा।

## कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के 30 दिन के भीतर फैसला, 7 दिन के भीतर करना होगा सजा का ऐलान

### इस तरह के बदलाव

एक जुलाई से होने जा रहे बदलाव के तहत नए कानूनों में करीबन 20 नए अपराध जोड़े गए हैं। इसके अलावा कार्यप्रणाली में भी बदलाव आएगा। जैसे की डॉक्यूमेंट में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड शामिल होगा। आईपीसी के 19 प्रावधानों को हटाया भी गया है। 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की सजा बढ़ाई गई है। 6 अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया।



### दुष्कर्म पर फांसी या उम्रकैद

नए कानूनों में दुष्कर्म के मामले में कठोर सजा सुनिश्चित करने का काम किया गया है। नए कानूनों के अनुसार अब नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को फांसी या उम्रकैद की सजा दी जाएगी। सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को 20 साल या जिंदा रहने तक सजा होगी। मॉब लिंचिंग में फांसी की सजा, सिर पर लाठी मारने वाले पर अभी सामान्य झगड़े की धारा लगती है, लेकिन अब विक्टिम के ब्रेन डेड पर दोषी को 10 साल की सजा मिलेगी।

### पुलिस के लिए भी बदलाव

नए कानूनों के तहत पुलिस के काम करने के तरीके में भी कई बदलाव देखने को मिलेगा। नए नियमों के अनुसार किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने पर पुलिस को उसके परिवार को जानकारी देनी होगी। किसी भी केस में 90 दिन में क्या हुआ, इसकी जानकारी पीड़ित को देनी होगी। अब अगर आरोपी 90 दिन में कोर्ट में पेश नहीं होगा तो भी उसकी गैरमौजूदगी में ट्रायल चलाया जाएगा।

## नई शिक्षा नीति का असर, अब पास होने के लिए 33 नहीं लगेंगे 40% अंक

# पहली बार विवि के पोर्टल से दिग्विजय में दाखिला, 9 जुलाई तक आएगी मेरिट सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जून का महीना अपनी समाप्ति की ओर है। प्रदेशभर में स्कूलों का संचालन शुरू हो गया है। इधर कॉलेजों में भी दाखिले की प्रक्रिया ने तेजी पकड़ ली है। चार साल पहले 2020 में बनाई गई नई शिक्षा नीति को इस बार प्रदेशभर में लागू कर दिया गया है। जिसके चलते अब दाखिले से लेकर परीक्षा तक में कई बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसा ही एक बदलाव दिग्विजय कॉलेज में होने वाले दाखिला प्रक्रिया को लेकर सामने आया है।

अब तक दाखिला की प्रक्रिया दिग्विजय कॉलेज द्वारा की जाती थी, लेकिन पहली दफा आवेदन लेने से लेकर दाखिला तक विश्वविद्यालय के जरिये किया जाएगा। शासन की तरफ से दाखिले की प्रक्रिया को लेकर एक संशोधित आदेश भी जारी किया गया है। जिसके अनुसार अब प्रवेश के लिए दोनों मेरिट सूची 27 जून से 9 जुलाई के मध्य जारी करने कहा गया है। वहीं प्रवेश की अंतिम अवधि को भी 31 जुलाई तक ही सीमित कर दिया गया है। इधर जानकारी के अभाव में विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। दिग्विजय कॉलेज में पिछले दो सालों से स्वयं का पोर्टल बनाकर उसके जरिये दाखिला दिया जा रहा था। पहली दफा हुए बदलाव के चलते इस बार विद्यार्थियों को दाखिले के लिए आवेदन करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ज्ञात हो कि दिग्विजय कॉलेज में प्रथम वर्ष में करीबन दो हजार बच्चों को दाखिला दिया जाता है।

### खास बातें

- अब प्राईवेट विद्यार्थी भी देंगे सेमेस्टर परीक्षा
- प्रदेश के सभी कॉलेज में लागू हुई नई नीति
- 31 जुलाई के पहले दाखिले की प्रक्रिया को कर लिया जाएगा पूरा
- आवेदन लेना जारी



### ऑनलाईन आवेदन पर ही प्रवेश

*नई शिक्षा नीति के तहत किसी भी कॉलेज में दाखिले के लिए अब ऑनलाईन आवेदन अनिवार्य कर दिया गया है। बिना ऑनलाईन आवेदन के दाखिला नहीं दिया जाएगा। यही कारण है कि अब सभी कॉलेजों के लिए दाखिला विश्वविद्यालय के पोर्टल के जरिये ही लिया जा रहा है। वहीं शासन ने अपने आदेश पर भी साफ कर दिया है कि किसी भी स्थिति में ऑफलाईन आवेदन लेकर दाखिला नहीं दिया जाना है।*

### एक जुलाई से शुरू होगा सत्र

*दाखिले की प्रक्रिया के बीच एक जुलाई से सभी कॉलेजों में नया सत्र शुरू कर दिया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत अब सभी कॉलेजों में एक जैसा ही पाठ्यक्रम का उपयोग किया जाएगा। वहीं अब वार्षिक परीक्षा की जगह सेमेस्टर परीक्षाएं ही ली जाएगी। हालांकि दिग्विजय कॉलेज स्वशासी होने के चलते अपना परीक्षा का समय-सारिणी जारी कर सकेगा, लेकिन उसे भी सालाना कैलेंडर के अनुसार ही चलना होगा।*

### मिलेगा सात दिनों का समय

*राज्य स्तर से सभी विश्वविद्यालयों को 27 जून को एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें पूर्व में निर्धारित दाखिले की प्रक्रिया में संशोधन करते अब 27 से 29 जून के मध्य पहली और 7 से 9 जुलाई के मध्य दूसरी मेरिट सूची जारी करने कहा गया है। मेरिट सूची में नाम आने के बाद विद्यार्थियों को सात दिनों का समय दाखिले के लिए दिया जाएगा। दोनों मेरिट सूची जारी होने के बाद भी सीटें खाली रह जाती है तो फिर 15 जुलाई से महाविद्यालय स्तर पर मुक्त प्रवेश के लिए सात दिन दिए जाएंगे।*

### बीएससी में सर्वाधिक सीटें

मिली जानकारी के अनुसार दिग्विजय कॉलेज में करीबन 1920 बच्चों को प्रथम वर्ष के अलग-अलग कोर्स के लिए दाखिला दिया जाएगा। इनमें सर्वाधिक 650 सीटें बीएससी के लिए है। इसमें बीएससी गणित और बायो शामिल हैं। ऐसे ही बीए के लिए 550, बी-कॉम के लिए 550, बीसीए के लिए 70, बी-लीब के लिए 50, बीजेएमसी के लिए 50 सीटें आरक्षित रखी गई है। इन सभी सीटों पर मेरिट सूची के आधार पर दाखिला दिया जाएगा। हालांकि दाखिले के दौरान विद्यार्थियों को आवेदन की हार्डकॉपी लाना होगा।

## बार एसोसिएशन का चुनाव

# चौधरी बने अध्यक्ष, खांडेकर को मिला सचिव का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव में कड़े मुकाबले में मनोज चौधरी ने नारायण कन्नौजे को हराकर दूसरी बार अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमाया। उन्होंने उतार-चढ़ाव के बीच 14 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वरिष्ठ अधिवक्ता मौलेश तिवारी तीसरे स्थान पर रहे। राजेश खांडेकर सचिव व अशोक रजक उपाध्यक्ष चुने गए। वर्ष 2018 के चुनाव में भी चौधरी ने अध्यक्ष का चुनाव जीता था।

अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए एक दिन पहले बुधवार को मतदान कराया गया था। कुल 548 में से 472 ने वोट किया था। गहमा-गहमी के बीच गुरुवार को सुबह 11 बजे शुरू हुई, जो शाम तक चली।

चौधरी को 192 मत मिले। जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी कन्नौजे को 178 वोट मिले। शुरूआती गणना में मनोज पीछे थे, लेकिन बाद में चक्र की गिनती में उन्होंने धीरे-धीरे बढ़त शुरू की, जो अंत तक बनी रही। तिवारी 28 मतों के साथ तीसरे क्रम पर रहे।

### लगातार दूसरी बार बने अध्यक्ष



### रजक और खांडेकर भी जीते

अध्यक्ष के साथ ही उपाध्यक्ष व सचिव का चुनाव भी रोचक रहा। उपाध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशी मैदान में था। जीत मिली अशोक रजक को। उनके पक्ष में 170 मत पड़े। दूसरे क्रम पर रहे देवेश दत्त वैष्णव के खाते में आए 122 वोट। जबकि मोरध्वज साहू को 100 मत मिले। इस पद के लिए आठ वोट अवैध निकले। इसी तरह सचिव के लिए सीधे मुकाबले में राजेश खांडेकर ने बाजी मारी। उन्होंने 210 मत पाकर 33 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी नरेश कुमार गंजीर को 167 वोट मिले। 15 मत अवैध घोषित किए गए।

### कार्यकारिणी में इन्हें मिली जगह

पदों के अलावा पांच कार्यकारिणी सदस्यों (पुरूष) के लिए भी मतदान कराया गया था। कुल प्रत्याशी छह थे। प्राप्त मतों की अधिकता के आधार पर भागवत साहू (219), हरिलाल पटवा (195), महेंद्र कुमार शर्मा (179), नरेश कुमार शर्मा 232 व राजेंद्र कुमार शर्मा (245) सदस्य चुने गए। छठवें क्रम पर वीरेंद्र मुक्ति रहे। उन्हें 137 वोट मिले। जबकि सात मतों को अवैध घोषित किया गया।

# अनियमितता जांच को 5 माह बीते, अब तक कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मध्य स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रभारी प्राचार्य द्वारा की गई आर्थिक अनियमितता की शिकायत के बाद हुई जांच को आज करीबन पांच महीने बीत गए हैं। टीम द्वारा जांच के बाद भी अब तक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि रेमेडियल कोचिंग क्लासेस के तहत छात्राओं को 150 दिन की पढ़ाई कराना था। इसके एवज में शिक्षकों को प्रति छात्रा 50 रुपए का भुगतान किया जाना था। इस मामले में शिकायत सामने आई थी कि छात्रों की उपस्थिति संख्या से अधिक दर्शाकर राशि निकाल ली गई है। वहीं मामले में यह भी बताया गया कि शिक्षकों को वेंडर बनाकर राशि का भुगतान किया जाना था, लेकिन इस नियम को भी दरकिनार कर दिया गया। ऐसे ही प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ यह भी सामने आया था कि छात्राओं से प्रवेश शुल्क के नाम पर 90 रुपए अतिरिक्त वसूल लिए गए थे।

# सतनामी समाज के अध्यक्ष समेत चार पद के लिए बंपर वोटिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला सतनामी सेवा समिति 5041 के पदाधिकारियों के चुनाव हेतु गुरुवार को सुबह से देर शाम तक गुरूघासी दास सांस्कृतिक भवन में समाज के लोगों की उपस्थिति रही। इस दौरान प्रत्याशियों से लेकर मतदाताओं में उत्साह का माहौल रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सतनामी सेवा समिति 5041 के पदाधिकारियों के लिए आज चुनाव किया गया। जिसमें चार विधानसभा के सभी ब्लाकों के मतदाताओं ने मतदान का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में युवराज दास ढीरहेर व सूर्यकुमार खिलारी, उपाध्यक्ष पुरूष कमलेश्वर साण्डे, मनहरणदास लहरे, मलिखम कोसरे, शशीकुमार खिलारी, उपाध्यक्ष महिला हेतु प्रतिभा बंजारे, रेखा कुर्रे, शोभा गेंड्रे, सुलोचना देवी मारकंडे, सचिव पद हेतु आत्माराम रात्रे, ऋषिराय खरे, पंकज बांधव, महामंत्री पद हेतु कमल कुमार लहरे, राजेन्द्र कुमार भारती, विजय राय, कोषाध्यक्ष पद हेतु देशफिरंता कौशिक, रमेश महिलांगे, शिशुपाल भारती, संजीव बंजारे शामिल हैं।



### कतार लगाकर किया मतदान

उक्त चुनाव प्रक्रिया गुरूघासी दास सांस्कृतिक भवन नया बस स्टैंड के पास सुबह लगभग साढे 8 बजे से प्रारंभ हुई, जो देर शाम तक जारी रही। कतार लगाकर मतदाता अपने पारी का इंतजार करते रहे। इधर आसपास के इलाके में भी उक्त चुनाव को लेकर सरगर्मी का माहौल रहा।




0 राजनांदगांव। मौसम में तेजी के साथ हो रहे बदलाव के बीच सब्जी बाजार में इन दिनों सब्जियों के दाम उछाल पर है। सब्जी व्यवसायियों के मुताबिक वर्तमान में आसपास के बाड़ियों से सब्जियों की आवक कम है। जिसके चलते सब्जियों के दाम में तेजी है। आगामी दिनों में आवक बढ़ते ही दाम सामान्य हो जाएंगे।

## देशी-विदेशी ब्रांड की बोतलें जब्त


# ढाबा में आबकारी विभाग की दबिश छग समेत एमपी की शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे स्थित एक ढाबे में शराब उपलब्ध कराने की शिकायत के बाद आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। इस ढाबे में छत्तीसगढ़ समेत पड़ौसी राज्य मध्यप्रदेश से शराब लाकर बेचने का काम किया जा रहा था। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आबकारी वृत चिचोला क्षेत्र में आबकारी अमले ने एक ढाबा में दबिश देकर बड़ी मात्रा में शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जून को आबकारी अमले ने मुखबीर की सूचना पर बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सड़क चिरचारी के शेरा ढाबा में दबिश दी। इस दौरान आरोपी उत्कर्ष मौर्या व गजेन्द्र प्रसाद मौर्या से देशी मदिरा प्लेन 45 पौवा, देशी दारू संतरी महाराष्ट्र 40 पाव, देशी दारू प्लेन मप्र 48 पौवा, रायल स्टेज विस्की 4 पौवा, मेकडाल नंबर 1 विस्की 27 पौवा, इम्पीरियल ब्लू विस्की 5 पौवा, गोवा विस्की 33 नग बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।








## खबर संक्षेप

### उदय प्रकाश बने यादव समाज के अध्यक्ष




**मोहला।** जिला मुख्यालय मोहला में जिला कोसरिया यादव समाज की महासभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच संतोषी ठाकुर थी। महासभा में समाज के प्रमुख अध्यक्ष खोरबाहरा राम यादव, संरक्षक गौरीशंकर यादव, सोहन यादव, तीरथ यादव, धनसिंग यादव, मुरारीलाल, सोनसिंग यादव, अरूण यादव आदि शामिल हुए। इस मौके पर सामाजिक संविधान एवं नियम का पुस्तक विमोचन किया गया। सामाजिक जनों ने उदय प्रकाश यादव को जिला कोसरिया यादव समाज का अध्यक्ष बनाया।

### रामलला का दर्शन करने 25 नागरिक रवाना



**मोहला।** रामलला दर्शन यात्रा के तहत प्रथम चरण में 25 तीर्थ यात्रियों का रवाना हुआ। मानपुर, मोहला एवं अंबागढ़ चौकी से चयनित तीर्थ यात्रियों के दल को दुर्ग रेलवे स्टेशन से रामलला दर्शन के लिए रवाना किया गया। तीर्थयात्रियों को नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष नरोत्तम देहारी, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, शत्रुघ्न चुरेंद्र, हेमंत ठाकुर, अविनाश ठाकुर, दिलीप कुमार यदु, हरिशंकर वर्मा आदि मौजूद थे।

### जाम नाली खुलवाने की मांग



**सड़क अतरिया।** नर्मदा में बरसात शुरु होने के साथ गलियां में पानी जाम होने से विवाद की स्थित उत्पन्न हो रही है। गली में बनी नाली की सफाई एवं रख रखाव के आभाव में बरसाती पानी निकल नहीं पा रहा है जिससे पानी गली में भर कर घरों में पहुंचने लगता है। इसी प्रकार मुख्य मार्ग के दोनों किनारों में नाली निर्माण बीते साल किया गया है। कुछ लोगों ने अपने घर, दुकान के सामने नाली को पाट दिया है जिस कारण पानी निकल नहीं पा रहा और लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जगह जगह बंद नाली को खुलवा कर सफाई कराने की मांग किया है।

### मुढ़ीपार में कॉलेज खोलने के लिए सर्वे

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मुढीपार में 2022-23 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने महाविद्यालय खोलने की घोषणा किया था। घोषणा पर अमले करने के संबंध में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा था। पूर्व विधायक बघेल की पहल के बाद मुढीपार में महाविद्यालय खोलने के पूर्व सर्वे करने का निर्देश दिया है। नेहरू महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा मुढीपार क्षेत्र में छात्र-छात्राओं की संख्या का आंकलन किया जा रहा है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने बताया कि मुढीपार में महाविद्यालय खोले के पूर्व सर्वे करने पत्र प्राप्त हुआ है। सर्वे रिपोर्ट जल्द ही राज्य सरकार को भेज दिया जाएगा।

### शिक्षा सचिव से मिला टीचर्स एसोसिएशन



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी एवं संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकत कर शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना करने मांग पत्र प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा ने बताया कि पूर्व सेवा के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना करने तथ्यात्मक जानकारी प्रस्तुत करते हुए पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष करने की मांग किया गया है। शिक्षा सचिव ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अन्य विषय पर समयानुसार निर्णय लिया जाएगा।

### वृद्धाश्रम में फल, मिठाई वितरित



**डोंगरगढ़।** भाजपा नेता सोमित्र सोनी ने अपने पिता स्व. चमन सोनी के जन्मदिवस के अवसर पर जीवन आनंद वृद्धाश्रम बछेराभाटा में स्वल्पाहार, फल एवं मिठाई वितरित किया। इस दौरान पार्षद प्राची सोनी, वृद्धाश्रम संचालक नलिनी मेश्राम, एसजी मेश्राम, वेदिका साहू ,ललिता मरकाम, सती चतुर्वेदी, स्मिता साहू, मंजू धनकर, निकहत परवीन आदि उपस्थित थे।

### नशा से दूर रहने का आव्हान



**मुसराकला।** संता जन कल्याण समिति द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नशा से संबंधित नुकसानों से डॉ योगेश कनौजिया ने अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है साथ ही समाज के लिए घातक है अतः किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर नागेश कुमार, अरविंद कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, डॉली पटेल, सविता, मीनाक्षी बंजारी, लोकेश वर्मा, जयसूर्या वर्मा, निदेशक शिशुपाल खोबरागड़े उपस्थित थे।

## सरकारी और निजी स्कूलों में प्रवेश उत्सव का आयोजन, बच्चों में उत्साह

# स्वागत के बाद ड्रेस और किताबों का वितरण







हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत बुधवार को हुई। स्कूलों में पहले दिन प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूलों की मानिटरिंग के लिये अधिकारियों को नोडल बनाकर जवाबदेही तय किया गया था। इसी तारतम्य में बीईओ रमेंद्र डड़सेना ने पूर्व माध्यमिक शाला घिरघोली, मुरई, सीताडबरी, बुंदेली, प्राथमिक शाला पुरैना, बुंदेली, भरदागोड़ तथा हाईस्कूल बुंदेली का अवलोकन किया। पूर्व माध्यमिक शाला बुंदेली में बच्चों के साथ भोजन किया। सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी आदि की उपस्थिति में मनाते हुए बच्चों का स्वागत कर पुस्तक गणवेश प्रदान किया गया।

**चिचोला।** बापूटोला हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवनारायण नेताम थे। इस दौरान उदय प्रकाश यादव, पुरन साहू, प्राचार्य एसएल खोबरागड़े, प्रधान पाठक रूपेश कुमार दुबे, व्याख्याता भारद्वाज, कलीम खान उपस्थित थे। सभी ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**कलकसा।** ग्राम पंचायत कलकसा की पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद नव प्रवेशी बच्चों को स्वागत कर यूनिफार्म, किताब का वितरण किया गया।कार्यक्रम में सरपंच अशोक दास साहू, प्राचार्य राजेंद्र श्रीवास्तव, उप सरपंच सुखचरन साहू, सचिव केदान सिन्हा, नरोत्तमसिंह कुंजाम, पवन सोनवानी, संकुल समन्वयक राजेश राजेकर, प्रधान पाठक अजय वैष्णव, प्रभा श्रीवस्ताव, सीमा वैध, चमेली लारिया, मनहरण गायकवाड़, दयाशंकर पांडे आदि उपस्थित थे।

**घुमका।** संकुल के अधीन आने वाली प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में बुधवार को प्रवेशोत्स्व का आयोजन किया गया। जन प्रतिनिधियों ने छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया। गणवेश व पाठ्य पुस्तक प्रदान किया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गोपालपुर में आयोजित कार्यक्रम में राजेश वर्मा, पंचू वर्मा, एक्रे मैथिल क्षत्रिय आदि शामिल हुए। स्थानीय प्राथमिक शाला में जनपद सदस्य दिलीप पटेल क्रे आतिथ्य एवं सरपंच फूलमति जयकुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव मनाया गया।

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रूवातला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली तथा छठवीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया गया। बच्चों को निः शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया।कार्यक्रम में सरपंच गणेशी गणेश वर्मा, राधेश्याम वर्मा, तरुण साहू, एलके वर्मा, बंदिश नेमपांडे, राजेश साव, राजेश पंचभाई, संध्या गोस्वामी, नीतू वर्मा, प्रतीक्षादास, लोकमती वर्मा, हरिचंद वर्मा, रोमन वर्मा, ठगन वर्मा, चंदा वर्मा, तुलसी सोनवानी आदि शामिल हुए।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रवेश उत्सव एवं 2 दिवसीय आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग आयोजित हुआ। बच्चों का तिलक वंदन कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। दो दिवसीय आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग में आचार्य को कक्षा शिक्षण, अभिलेख, शिक्षण कौशल और कंप्यूटर से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, नीलम चोपड़ा, प्रकाश गिरधर, प्राचार्य प्रकाश यादव, जागेश्वर निषाद, सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमास्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंग ठाकुर, त्रिवेणी मंडल, झुंपा मंडल, ज्योति मार्वे, माया वशिष्ठ, प्रिया, प्रीतिबाला वैष्णव, अमिता जैन, सुषमा शांडिलकर, ज्योति शर्मा, चंद्रिका यादव, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, नरेश सिन्हा, ओम प्रकाश महोबिया, सौरभ फूले, अमित शुक्ला, विशेष साहू, डीगेश साहू, प्रदीप सिन्हा आदि शामिल हुए।

**मुसराकला।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलीवारा में हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति के सदस्य भारत सेन और दुर्गा प्रसाद वर्मा की उपस्थिति में कक्षा 9 वीं में छात्र- छात्राओं का स्वागत कर पुस्तक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य जेएल हुमने, केआर यादव, पीके दीक्षित, टार्केश्वरी जंघेल, नेहा वर्मा, रामेश्वर दशरिया आदि शामिल हुए।

**छुईखदान।** जगन्नाथ सेवा समिति ने झुमरकोन्हा स्कूल में नेवता भोज का आयोजन किया। इस दौरान आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों में उत्साह देखा गया। जगन्नाथ सेवा समिति ने नेवता भोज का आयोजन कर बच्चों को चावल, दाल, खीर, पुरी, सब्जी, मिठाई खिलाया और बिस्कुट, चॉकलेट वितरित किया। प्रवेशोत्सव में पाठय समाग्री का वितरण किया गया। उत्सव में पंच संगीता नेताम सहित ग्रामीण सम्मिलित हुए जिनका शिक्षक बसंत यादव ने स्वागत किया।

### पहले दिन कराया मुंह मीठा



**खुज्जी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा के आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता सरपंच सोनाली पंसारी ने किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। श्री नाहटा तथा सरपंच ने बच्चों का स्वागत कर मुंह मीठा कराया। छात्रों को पुस्तक वितरित किया गया। समारोह को सरपंच सोनाली पंसारी तथा प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने संबोधित किया।

### पहाड़ा सुनाने पर बच्चों को मिला ईनाम



**डोंगरगांव।** प्राथमिक शाला चिचदो में बुधवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच लीना साहू एवं शिक्षिका कोनिका सोनी ने न्यौता भोज का आयोजन किया। प्रवेश उत्सव के दौरान डीईओ अभय जयसवाल तथा डीएमसी सतीश ब्यौहारे ने बच्चों को पुस्तक, गणवेश, चॉकलेट, पेन, कॉपी आदि देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने 20 तक पहाड़ा सुनाने वाले मितेश साहू और नवीन साहू को पुरस्कृत किया। इस दौरान संकुल समन्वयक राहुल जैन, रूपेंद्र देवांगन, अशोक साहू, हेमंतीन यादव सहित अन्य मौजूद थे।









# शहर के कोने कोने में बिक रही अवैध शराब, जनप्रतिनिधि मौन

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस शासन के दौरान अवैध शराब बिक्री को लेकर आंदोलन करने वाले भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता इन दिनों शहर में धडल्ले से शराब बिकने के बाद भी मौन हैं। शहर के चौक चौराहों, पान ठेलो के साथ शासकीय कार्यालयों के आसपास शराब बेचा जा रहा है। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर चखना सेंटरों का संचालन किया जा रहा है। कई स्कूलों के आसपास शराब बिकने से छात्र-छात्राओं पर बुरा असर पड़ रहा है। शहर के 23 वार्डो में शराब का कारोबार चल रहा है किन्तु भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी साध लिया है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन, खंडूपारा, भगतसिंह चौक, रेलवे कालोनी, खैरागढ रोड़, नाकापारा, रेलवे चौक, दुर्गा मंदिर, बुधवारी, दंतेश्वरी पारा, ठेठवार पारा, करबला चौक, कश्मीरी पारा, कालकापारा, बधियाटोला, अछोली चौथना, राका र में लगभग 15 सप्लायरो के माध्यम से रोजाना 300 से 400 पेटी शराब खपाया जा रहा है। मुसरा, ढारा, राका, मुरमुंदा, मेढ़ा में भी 4 से 5 कोचियों द्वारा शराब बेचा जा रहा है।

### शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर चर्चा

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। परिचर्चा में शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा, बाजार अतरिया एवं गंडई महाविद्यालय के प्राध्यापक सम्मिलित हुए। परिचर्चा में प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एनएस वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधान उच्च शिक्षा विभाग में लागू हो रहे है, जिन्हें गहराई से जानना जरूरी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नई योजनाओ का समावेश किया गया है। परिचर्चा में तीनों महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संयोजकों ने क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर टीएल वर्मा, अनिता पौशार्य, जी कौशिक, पीके अमिला, बीआर वर्मा, नीतू डोंगरे, अरविन्द भेड़िया, प्रदीप साहू आदि उपस्थित थे।

### बी.कॉम का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**ठेलकाडीह।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने गत दिनों बीकॉम परीक्षा का परिणाम घोषित किया। नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह में बीकॉम अंतिम का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के 7 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बीकॉम द्वितीय वर्ष का परिणाम 100 और बीकॉम प्रथम वर्ष का 59 प्रतिशत रहा।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

### व्यवस्था नहीं सुधारने पर आंदोलन की चेतावनी

# छात्रावास में क्षमता से कम दाखिला, पूर्व विधायक ने लिया जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



पूर्व विधायक छन्नी साहू ने बुधवार को ब्लाक मुख्यालय में संचालित प्री मेट्रिक छात्रावास पहुंचकर निरीक्षण किया। 16 कक्ष वाले छात्रावास में लगभग 90 छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

बताया जाता है कि सहायक अधीक्षक के रवैया के चलते मात्र 20 बच्चों ने अब तक एडमिशन लिया है जबकि बीते वर्ष 30 बच्चों का एडमिशन हुआ था। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने निरीक्षण के बाद जानकारी लेने के लिए अधिकारी को फोन किया तो उन्होंने रिसीव नहीं किया। च्चों का एडमिशन नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद प्रभारी से साफ शब्दों में कहा कि एक सप्ताह में क्षमता अनुसार बच्चों को एडमिशन नहीं दिया गया तो वह आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगी।

### शिक्षकों व भवनों की कमी

जानकारी के अनुसार ब्लॉक के 54 स्कूल ऐसे है जो एक शिक्षकीय है। 5 शालाएं तो शिक्षक विहीन है। पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन मद से नए भवन की स्वीकृति प्रदान किया था जो अब तक अपूर्ण है। उन्होंने आधे अधूरे भवनों को पूर्ण कराने की मांग की है ताककि पढ़ाई सुचारू रूप से हो सके।



## खबर संक्षेप



### लोहे की पाईप से भरा ट्रक पलटा

**चिचोला।** नेशनल हाईवे झुरा नदी पुल के आगे बापूटोला मोड़ के पास जी रोड में बीचो बीच पलट गया। जानकरी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 9942 लोहे का पाइप लेकर रायपुर से इंदौर जा रहा था तभी देखते ही ट्रक लहराते हुए बीच रोड़ में पलट गया। घटना में कोई अनहोनी नहीं हुई है, वहीं चालक परिचालक को चोटे आई हैं। घटना के बाद स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी, जिससे रोड जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। ट्रक में भरा पाइप बिखर गया। चिचोला पुलिस मौके पर पहुंचकर भीड़ को कन्ट्रोल किया।

### प्रज्ञागिरी पर्वत पर पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** पञ्ञा मेत्ता संघ यूथ प्रज्ञागिरी डोंगरगढ़ द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पौधरोपण का कार्यक्रम प्रज्ञागिरी पर्वत एवं नीचे प्रज्ञागिरी परिसर पर किया गया। पृथ्वी पर चारों ओर हरियाली विद्यमान रहे, वातावरण शुद्ध हो और व्यक्ति को शांति की अनुभूति हो इस हेतु से पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में डोंगरगढ़ की प्रज्ञागिरी के निर्माता धम्मदूत पुज्य भदंत संघरत्न मानके (राष्ट्रीय अध्यक्ष-पञ्ञा मेत्ता संघ, भारत) आपके मार्गदर्शन में पौधरोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। जापान से आए उपासक सुसुमु नागाई, भदंत धम्मशिखर जी,धम्मानंद मेश्राम, डॉ.मनोज गजभीये, (शाखा डोंगरगढ़ पञ्ञा मेत्ता संघ प्रज्ञागिरी,अध्यक्ष) अमित टेंभूरकर, (शाखा डोंगरगढ़ पञ्ञा मेत्ता संघ प्रज्ञागिरी, सचिव) ज्योति मेश्राम, (पञ्ञा मेत्ता युथ प्रज्ञागिरी अध्यक्ष) संजना गजभिये, गुड्डु गजभिये, भरत गड़पायले उपस्थित थे। वन विभाग द्वारा प्रदान विभिन्न ब्रिड के पौधों को रोपित किया गया।

### प्लेसमेंट कैम्प 29 को

**राजनांदगांव।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में शेफर टेलेंट हायर सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेट द्वारा सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राईवेट लिमिटेट द्वारा 29 जून को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2017 से 2023 तक उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षण सत्र 2022-2024 तथा 2023-2024 के प्रशिक्षणरत व्यवसाय फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग आपरेटर, सीओई, ट्रेक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल के केवल पुरूष उम्मीवार जिनकी आयु 18 से 24 वर्ष हो, वे अपने शैक्षणिक के साथ शामिल होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## मानसून के सक्रिय होते ही कृषि कार्य पकड़ने लगा जोर

# मानसून की दस्तक के साथ अंचल में किसानों ने शुरू की धान की रोपाई

### इस वर्ष सोयाबीन के रकबे में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में मानसून के सक्रिय होने के साथ कृषि कार्य जोर पकड़ने लगा है। किसान धान, सोयाबीन, अरहर आदि फसल की बोआई कर रहे हैं। साधन संपन्न किसानों ने पखवाड़े भर पहले ही धान का पौधा तैयार करना शुरू कर दिया था। मानसूनी बारिश के बाद रोपण कार्य शुरु हो गया है। वही जो किसान बारिश पर आश्रित है वह भी बोता पद्धति से धान की बोआई करने जुट गए हैं। बीते कुछ वर्षो की अपेक्षा इस बार सोयाबीन के रकबा में काफी गिरावट देखा जा रहा है। हर साल सोयाबीन बीज की पूर्ति मांग से कम पड़ती थी। इस बार सोसायटी में पर्याप्त स्टाक होने पर भी सोयाबीन बीज की बिक्री औसत से कम हुई है। किसानों का कहना है कि इस बार सोसायटी का सोयाबीन बीज प्रति बेग बाजार से दो सौ रूपए मंहगा है। अरहर बीज की मांग लगातार बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार बारिश के साथ ही किसानों को कृषि कार्य के लिए जलाशय से पानी उपलब्ध कराया जाता है। बीते साल से नहरों का क्रांक्रीटिकरण एवं मरम्मत किया गया है जिसमें जगह जगह मलबा पड़ा है जिस कारण पानी की पूर्ति कराने में समस्या होती है। दूसरी ओर नहर के पार पर जगह जगह गड्डा हो गया है जिसकी मरम्मत कर मुरूम डालना आवश्यक है।



#### बीमा क्लेम की मांग

किसानों ने बताया कि इस साल प्रति एकड़ धान बोआई करने में औसत लागत काफी अधिक आ रही है। बीज, खाद, मजदूरी, ट्रैक्टर सभी का लागत बढ़ने से उत्पादन लागत बढ़ गई है जिससे फसल बोआई में किसानों की माली हालत पतली हो गई है। किसानों ने बीते सीजन चना एवं गेंहू का फसल बेमौसम बारिश में बर्बाद हो गई थी। किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराया था। बीमा कंपनी एवं विभाग ने नुकसान का आंकलन किया था पर अब तक किसानों को बीमा क्लेम अप्राप्त है।

#### बाजार में खाद के दाम अधिक

क्षेत्र की सोसायटी में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद है पर बाजार में खाद का कीमत किसानों से सौ से दौ सौ रुपये अधिक लिया जा रहा है। सोसायटी में डीएपी 1350, यूरिया 266, पोटास 1625, दानेदार 510 की दर पर उपलब्ध है पर बाजार में सौ से दो सौ अधिक कीमत पर किसानों को बेचा जा रहा है।

# सड़क-नाली के निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गुमानपुर से कुसुमकुआं तक लगभग 6 करोड़ की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण किया जा रहा है। सरपंच गंगाबाई सहित ग्रामीणों ने जिलाधीश एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से शिकायत कर धांधली की जांच की मांग की है।

ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत गुमानपुर के आश्रित ग्राम बगईझोरी एवं कुसुमकुआं में बन रही सड़क का निर्माण प्रगति पर है। सड़क किनारे बने मकान में पानी भरने की संभावना को देखते हुए ग्रामीणों ने नाली निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि लगभग 6 करोड़ की लागत से बनाई जा रही सड़क का डामरीकरण गुणवत्ताहीन है। ठेकेदार के आदमी पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों की बात नहीं सुन रहे। मना करने के बाद भी रात में काम करा रहे हैं।



#### मुरूम की जगह मिट्टी का उपयोग

ग्रामवासियों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा डामरीकरण के पश्चात सड़क के दोनों और मिट्टी डाला जा रहा है जबकि मुरूम डालना चाहिए। बारिश में मिट्टी का कटाव होना संभावित है साथ ही आने-जाने में ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि बगई झोरी तक नाली नहीं बनाई गई है। ग्राम के संतोष वैष्णव ने बताया कि ग्रामीणों ने इस आशय की शिकायत सांसद संतोष पांडे से भी की है।

# इमरजेंसी लोकतंत्र पर काला धब्बा : भाजपा

- भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा गांधी के कार्यकाल दौरान 25 जून 1975 को लगाए आपातकाल को काले दिवस के रुप में मनाने जिला भाजपा ने संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम प्रभारी व मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा ने कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने सत्ता बरकरार रखने मर्यादा की सारी हदे लांघते हुए आपातकाल की घोषणा की और जनसंघ के कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवियों सहित अटल बिहारी वाजपेयी, जयप्रकाश नारायण जैसे लोगों को जेल में डाल दिया गया, मीडिया पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंडिया गठबंधन द्वारा देश को गुमराह करने की कोशिश की गई। देश में भ्रम की स्थिति फैली है इस भ्रम को साफ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान स्व उन्होंने कहा कि कांग्रेस एनडीए सरकार पर संविधान खत्म कर देने का दुष्प्रचार करती है जबकि कांग्रेस कार्यकाल में काला कानून साथ ही न्यायपालिका की शक्ति में कटौती व राष्ट्रपति की शक्तियों को कम करने का काम हुआ है। आज भी कांग्रेस की नीतियो सिद्धांतो मे सविधान के प्रति सम्मान की कमी है।



#### 21 महीने देश को झकझोरे रखा

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि हमने पहले मुगलों से लड़ाई की जिसके बाद अंग्रेजों से लड़े आखिरकार 1947 में देश आजाद हुआ, लेकिन इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान एक ऐसा वक्त आया जब हिंसा के माध्यम से लोगों को डराने, मीडिया का गला घोंटकर, देशवासियों में खौफ पैदा करने आपातकाल लगा दिया गया। इससे एक बार फिर स्वतंत्रता छीन ली गई। चौदह लाख लोगों को अकारण हिरासत मे ले लिया गया जिसमे 22 की मौत हो गई।

#### देशहित में नहीं है कांग्रेस की नीति व सिद्धांत

जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि 1975 के दौरान सरकारी मशीनरी का उपयोग कर इंदिरा गांधी चुनाव जीती और प्रधानमंत्री बन गई। जिसे कोर्ट में चुनौती देने के बाद आए फैसले को देखते हुए उन्होंने पूरे देश में 25 जून को आपातकाल की घोषणा कर दी। अटल बिहारी वाजपेयी सहित भारतीय जनता पार्टी के कई नेता जेल गए। देश हित मे कभी कांग्रेस नही थी इसलिए लोगो को जागरूक करने आपातकाल की घटना को याद दिलाने भाजपा 25 जून को काला दिवस के रुप में मना रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बताने की जरुरत है कि संविधान को उनकी दादी ने बदल दिया था। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानदास बंजारे व आभार जिला भाजपा उपाध्यक्ष टीके चंदेल ने किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष विनय देवांगन, मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल, नरोत्तम सिन्हा, शशांक ताम्रकार, रामेश्वर रामटेके,चंदू वर्मा, गोरेलाल वर्मा, विकेश गुप्ता, संतोष कर्ष, संतोष देवांगन, रुपेन्द्र रजक, कमलेश कोठले, नंद चंद्राकर, परमानंद साहू, कृष्णा वर्मा, डॉ पितांबर वर्मा, चंद्रशेखर यादव, कीर्ती वर्मा, हेमिन लाऊत्रे, वंदना टांडेकर, पुष्पा सिंदूर, मोनिका रजक, हर्ष वर्मा, अवध वर्मा, यतीश साहू, भुवन वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# न्याय संहिता से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में 26 जून को कलेक्टर के निर्देशानुसार स्थानीय प्रशासन, प्रेस एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नवीन न्याय संहिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया ने नवीन न्याय संहिता से नागरिकों को होने वाले लाभ से अवगत कराया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सज्जाक खान, आरके महोबिया ने भी नवीन न्याय संहिता पर विचार रखे। एसडीएम रेणुका रात्रे के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उन्होंने नवीन न्याय संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।एसडीओपी सुनील राठौर, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने बताया कि ब्रिटिश काल से चली आ रही कानून प्रणाली में आगामी 1 जुलाई से बदलाव होने वाला है। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा नियम, भारतीय साक्ष्य नियम, नवीन न्याय संहिता के अधिनियमों आदि ने अवगत कराया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. परमेश्वर कुमार साहू ने नवीन न्याय संहिता के सकरात्मक पहलूओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी कुर्रे, डॉ. पंकज भार्गव, डॉ. चेतना, डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. एसए ढेंगे, डॉ. कन्हैयालाल, डॉ. भावना, कोमल प्रसाद गांवरे, सुनील मधुकर तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

#### जिला भाजपा ने दिया दिव्यांग को ट्राईसिकल

**खैरागढ़।** छुईखदान ब्लाक के बुदेली निवासी दिव्यांग जितेंद्र पाल को जिला भाजपा ने ट्राईसिकल दिया। चुनाव के दौरान बुदेली पहुंचे जिप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से दिव्यांग जितेंद्र पाल ने आने जाने में तकलीफ की जानकारी देते हुए ट्राइसिकल की मांग की थी। जिसे लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू, शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, देवकुमार सेन, अरविंद वर्मा, रतनू रजक सहित अन्य की उपस्थिति मे जिंप उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दिव्यांग जितेंद्र पाल को ट्राईसिकल दिया। नई ट्राईसिकल पाकर खुश जितेंद्र ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आने जाने में दिक्कत को लेकर सहज रूप से उसकी बात को सुनकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उसे बुलाकर ट्राईसिकल दिया है। इसके लिए उसका पूरा परिवार भाजपा परिवार का आभारी है।

# छात्रों ने क्विज प्रतियोगिता में मारी बाजी

**राजनांदगांव।** वेटनरी पॉलिटेक्निक राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में बाजी मारी। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग मे अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वेटनरी पॉलिटेक्निक राजनांदगांव के विद्यार्थी थमेन्द्र साहू, तान्या पटेल और नीलू जागड़े ने अपनी संस्था का प्रतिनिधित्व किया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुलपति डॉ .आरआरबी सिंह द्वारा सर्टिफिकेट व मूमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वेटनरी पॉलिटेक्निक राजनांदगांव के प्राचार्य डा.श्वेता जैन ने विद्यार्थियो को बधाई दी तथा सहायक प्राध्यापक डा. प्रवीण रात्रे और वंदना नेताम मुकेश राजपूत, जीतेन्द्र चंद्राकर तथा पारख सहित सभी कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों को बधाई दिया गया। इस प्रतियोगिता में द्वितीय वेटनरी कॉलेज अंजोरा तथा तृतीय स्थान पर वेटनरी पॉलिटेक्निक महासमुंद ने प्राप्त किया।



# शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर लगाया तिलक, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बच्चे नजर आए काफी उत्साहित
- बच्चों का किया उत्साहवर्धन

शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर के स्कूलो में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। डेढ़ महीने की लंबी छुट्टी उपरांत बच्चों ने उत्साह से स्कूल में कदम रखा।

इस दौरान बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान नव प्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर शाला प्रवेश कराया इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारी भी बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए मौजूद थे। ब्लाक के देवरी प्राथमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरपंच केजराम साहू, उपसरपंच मानिक टंडन, शाला प्रबंधन व विकास समिति अध्यक्ष सुकृत वर्मा, पंचायत सचिव नाजनीन नियाजी के आतिथ्य में नवप्रवेशी बच्चो सहित अन्य बच्चो का गुलाल लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। मां सरस्वती और छग महतारी की पूजा अर्चना बाद अतिथियों द्वारा बच्चो को शाला गणवेश, पुस्तक वितरित किया गया। सरपंच केजराम साहू ने जीनगी ल गढ़े बर, स्कूल आ पढ़े बर से अपने संबोधन के शुरुआत करते हुए कहा कि बच्चो का गणुवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने शासन हर संभव प्रयास कर रहा है। कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न हो इस बात काध्यान रखते हुए बच्चो को पढ़ा लिखाकर शिक्षित बनाए क्योकि बच्चा पढ़ेगा तभी आगे बढ़ेगा। नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस न्यौता भोजन बच्चो को कराया गया। इस दौरान प्रधान पाठक रेशमलाल बेरवंशी, शिक्षक राजेश कुमार प्रजापति, शिक्षिका सरस्वती वर्मा, पालक कौशल्या वर्मा, मनोज वर्मा, रोजगार सहायक रामसुख कंवर, हरलाल केलकर सहित रसोइया व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



#### न्यौता भोजन में खिलाया खीर पूड़ी

अमलीडीहकला पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव अंतर्गत कक्षा छठवीं में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उनके अलावा सभी बच्चों को न्यौता भोजन के रूप में खीर पूड़ी और चॉकलेट से मुंह मीठा कराया गया। विद्यार्थियों को गणवेश, पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका का वितरण कर नए सत्र की शुभकामना दी गई वही कक्षा आठवीं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मैडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य द्रोपती वर्मा, सरपंच दिनेश वर्मा, ग्राम पटेल रामकुमार वर्मा, उत्तर शिवारे, ज्योति वर्मा, सुनीति गिरिया, पंचायत सचिव संजय वर्मा, शत्रुघ्न निषाद, हरिश्चंद्र वर्मा, चेतन वर्मा, राधा यादव, बिंदु बाई, तिलक राम, गोपाल मानिकपुरी सहित शाला विकास समिति सदस्य व संकुल समन्वयक रामेश्वर वर्मा, प्रधान पाठक रूपेश कुमार देवांगन, शिक्षक तेजराम वर्मा, कृष्ण प्रसाद वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

#### प्राचार्य ने जमा किया फीस

भरदाकला के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव उत्सव धूमधाम से रंगारंग कार्यक्रम साथ मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा करा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पाठ्यपुस्तक व शाला गणवेश का वितरण किया गया। इसके साथ पहली से बारहवीं तक के मेघावी छात्र-छात्राओं को स्कूल और ग्रामवासियों की तरफ से स्कूल बैग, मोमेंटो सहित नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य निगार अंजुम खान ने कक्षा नवमी के 2 और दसवी के 3 विद्यार्थियों का फीस पटाने का जिम्मा लिया वही 20 बच्चों को पढ़ाई में लगने वाली कापियां देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर अतिथियो सहित शाला स्टाफ, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामवासी मौजूद थे।

## नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

# सेजेस बख्शी स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ग्रीष्मकालीन अवकाश बाद सत्रारंभ के पहले दिन पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी आत्मानंद अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम शाला के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया।

मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों द्वारा शाला परिसर स्थित डॉ पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी और प. रविशंकर शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माँ सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्राचार्य व स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य आरएल वर्मा शालेय प्रतिवेदन का वावन किया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर किया गया। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को पढाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होनें पालकों सहित शिक्षकों को बच्चों की पढाई के स्तर में सुधार साथ उनमें नैतिक गुणों के विकास पर अधिक ध्यान देने कहा।

#### छात्र-छात्राओं का सम्मान

कार्यक्रम में शाला स्तर पर अंग्रेजी तथा हिन्दी माध्यम के पहली से बारहवीं कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को मोमेन्टों प्रदान किया गया। छात्र छात्राओं को पुस्तक और गणवेश का वितरण भी अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान जिपं सभापति घम्मन साहू, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार, विनय देवांगन, भागवत शरण सिंह, अब्दुल रज्जाक खान, सुमीत टाण्डिया, महेश गिरी गोस्वामी, जीवन यदु राही, हीरादास साहू, बालमकुन्द वर्मा सहित शाला स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन किरण सिंह, डॉ. सविता यादव और सुजाता श्रीवास्तव ने किया।

## कलेक्टर ने ली जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

# शिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों के विक्रय पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी एवं जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले के किसी भी शिक्षण संस्थान के आसपास किसी भी तरीके से नशे से संबंधित कारोबार नहीं चलना चाहिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों के आसपास नशे के सामान विक्रय किए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षण संस्थान के आसपास के क्षेत्र को कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नशे वाली दवाईयों की अधिक मात्रा में विक्रय करने वाले दवाई दुकानों की जांच करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने इसकी रिपोर्टिंग प्रत्येक माह करने कहा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर ने एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधि से संघर्षरत, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक तथा बालिकाओं के लिए अलग-अलग गृह संचालित हैं। जिसकी मॉनिटरिंग विभाग द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा महिला सदस्यों को शामिल करते त्रैमासिक निरीक्षण किया जा रहा है। सभी गृहों में सुरक्षात्मक व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एचके रात्रे, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नशे के विरूद्ध अभियान

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले में एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान के तहत बहुत अच्छा कार्य किया गया है। इसके लिए उन्होंने शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस कार्य के लिए पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग की प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह को रोकने लोगों में जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों में बाल विवाह रोका गया है, उन स्थानों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। इससे लोगों में जागरूकता आएगी।

# नई सोच सामाजिक संस्था ने किया 60 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



मानसून के एक्टिव होते ही अब पौधरोपण का दौर भी शुरू हो गया है। ऐसे ही प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नई सोच सामाजिक संस्था गिधवा द्वारा पर्यावरण की महत्ता को ध्यान में रखते वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान संस्था द्वारा पीपल, बरगद, करंज, कदम, बादाम एवं डेल्टा के लगभग 60 पौधे लगाए गए। संस्था पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विगत 8 वर्षों से कार्य कर रही है।

पौधरोपण के दौरान नई सोच सामाजिक संस्था गिधवा के अध्यक्ष हार्दिक साहू, सरपंच भूषण सागर, उपसरपंच पेमूराम साहू, नीलेश्वर साहू, संदीप यादव, थानसिंग साहू, परमानंद साहू, बलेश्वर साहू, गुलशन साहू, केदार, धनंजय साहू, प्रेमनारायण साहू, भारती साहू, केवरा साहू, चंद्रभूषण साहू एवं घुमका थाना प्रभारी विनयकुमार पम्मार अपने थाना स्टाप के साथ उपस्थित रहे।

### सहयोग से जुटाई पौधरोपण के लिए राशि

संस्था के अध्यक्ष हार्दिक साहू ने बताया कि इस वर्ष वृक्षारोपण हेतु प्रेमनारायण साहू से 11 हजार, चंद्रभूषण साहू 21 सौ, तामेश्वर साहू से 11 सौ, छात्रधारी प्रसाद साहू से 1100, ललित कुमार साहू से 1100, हार्दिक से 1100, पेमूराम साहू से 1100, सत्यम साहू से 1100, नीलू साहू से 500 व परमानंद साहू से 500 का सहयोग राशि प्राप्त हुआ।

## सार समाचार

### आज गुरूद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन समागम



**राजनांदगांव।** गुरुद्वारा साहिब के नौवें स्थापना पर्व पर समूह सिक्ख संगत राजनांदगांव के सहयोग से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव द्वारा कल 28 जून को गुरूद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया गया है। जिसमें सिक्ख संगत भाईयों-बहनों को अपने सुमधुर शबद कीर्तन के माध्यम से भाव विभोर करने तख्त श्री अबचल नगर नांदेड़ साहिब से रागी जत्था भाई किशोर सिंह खालसा को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही भाई भूपिंदर सिंह सलूजा तथा हजूरी रागी जत्था भाई सुखमनदीप सिंह भी अपने कर्णप्रीय शबद कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। कल 28 जून को मुख्य दीवान में सुबह 8 से 1 बजे जारी रहने वाले इस कीर्तन समागम में रागी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन तथा गुरबाणी गायन द्वारा उपस्थित संगत को भक्तिभाव से निहाल किया जाएगा तथा रात का दिवान भी 11 बजे तक सजेगा। श्री गुरुसिंघ सभा राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव समूह सिक्ख संगत भाईयों-बहनों से विनम्र निवेदन किया गया है कि कल शुक्रवार दोनों आयोजनों के सपरिवार गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर शबद कीर्तन श्रवण करें। इस कीर्तन समागम में गुरु के लंगर तथा चाय-नाश्ते के लंगर की सेवा निरंतर जारी रहेगी। उक्त जानकारी गुरदीप सिंह बग्गा ने दी।

### बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा आयोजित



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव मार्शल आर्ट अकादमी कस्तूरबा महिला मंडल स्कूल मे शीकोकाई शितोरियू कराते इंडिया के प्रमुख प्रशिक्षक हांशी भारत शर्मा के मार्गदर्शन में शीहान मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा लिया गया। शहर के गायत्री विद्यापीठ, नीरज पब्लिक स्कूल, बॉडी टेक कराते एवं राजनांदगांव शहर के अन्य स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ शिकोकाई शितोरियू कराते के प्रमुख प्रशिक्षक मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा बेल्ट एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, उपाध्यक्ष कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पदम, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी सेंशाई अंबर सिंह, वरिष्ठ खिलाड़ी जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, टिकेश्वर साहू समेत अन्य ने बधाई दी।

### वार्डों में आज से सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह मई 2024 का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 21 जून से 10 जुलाई तक सुबह 11.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 28 जून को वार्ड नं. 18 व 19 के लिए आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 05, वार्ड नं. 23 के लिए पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड, वार्ड नं. 44 व 45 के लिए आंगनबाड़ी सतनामीपारा कौरिनभाठा, 29 जून को वार्ड नं. 47 के लिए पार्षद कार्यालय कुम्हारपारा मोहारा एवं 1 जुलाई को वार्ड नं. 49 के लिए पार्षद कार्यालय सामुदायिक भवन मोहड में शिविर का आयोजन किया गया है।

# काटे जाएंगे अनावश्यक बहने वाले नल

- आयुक्त ने ली जल विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बुधवार को जल विभाग एवं अमृत मिशन के अधिकारी की बैठक लेकर शहर में सार्वजनिक व अनावश्यक बहने वाले नल काटने तथा भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं करने वालों के नल काटने निर्देशित किया।

आयुक्त गुप्ता ने पूर्व बैठक की समीक्षा कर जल विभाग के अधिकारियों से निकाय क्षेत्र के वार्ड में पेयजल सप्लाई की वार्डवार जानकरी ली। उन्होंने कहा कि बिना टोटी के नल काटे तथा अनावश्यक बहने वाले नलों को बंद करें। कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि कुछ दिनों में चौखड़ियापारा क्षेत्र के 6 नल काटा गया। आयुक्त गुप्ता ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में अभी भी अमृत मिशन के नल कनेक्शन नहीं जुड़ने की शिकायत प्राप्त होती है, जहां कनेक्शन नहीं हुआ है, वहां कनेक्शन देने की कार्रवाई करें तथा इंटरकनेक्शन नहीं हुआ है, वहॉ इंटर कनेक्शन भी करें। इसी प्रकार कुछ क्षेत्रों में पानी कम आने या गंदा पानी आने की भी शिकायत प्राप्त होती है, उक्त शिकायतों का यथासंभव जल्द निराकरण करें। कुछ वालमेन द्वारा लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, उन्हें समझाईस दें तथा स्थानांतरण करें। आयुक्त गुप्ता ने कहा कि कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, सिनेमा लाईन के अलावा कई क्षेत्रों में नए व पुराने दोनों कनेक्शन से पेयजल सप्लाई हो रही है, इसकी जांच कर पुराना कनेक्शन बंद करें। उन्होंने कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेते कहा कि मोहारा नए प्लांट में अमृत मिशन के कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, वहां से निगम के कर्मचारी हटाकर पाईप लाईन मरम्मत एवं अन्य कार्य कराएं।

आयुक्त गुप्ता ने कार्यपालन अभियंता रामटेके से कहा कि जिन लोगों द्वारा भवन अनुज्ञा उपरांत राशि जमा नहीं किए हैं और उनके घर नल लगा है तो नल विच्छेदन की कार्रवाई करें। इसी प्रकार बड़े बकायेदारों के भी नल काटे। उन्होंने कहा कि पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण करें तथा निगम एवं अमृत मिशन के टीम संयुक्त रूप से कार्य करें। जिससे शहर में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सके। बैठक में जल विभाग व अमृत मिशन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## करंट से मौत, दो बिजली कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** गांव में बिजली का सर्विस तार टूट जाने से इसकी चपेट में एक मासूम बालक आ गया था।जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले की जांच करते पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 जून को ग्राम आरगांव नाला बाकल के पास स्थित मकान के सामने आम पेड़ के पास बिजली का सर्विस वायर टूट गया था। जिसकी करंट की चपेट में आने से दामेश्वर साहू उर्फ दामू 6 वर्ष की मृत्यु हो गई थी। इस मामले की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया था। इस मामले में जांच करते पुलिस ने दो आरोपी निर्मल कुमार एवं रमोराम के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# संविधान की किताब कोई पैकेट बुक नहीं है राहुल : पारख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



संसद में राहुल एवं सोनिया गांधी द्वारा संविधान की किताब लहराए जाने पर पूर्व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि दस साल तक कांग्रेस पर मोदी नाम का भूत चढ़ा रहा, अब आंखें थोड़ी खुली तो संविधान की पुस्तक का भूत चढ़ गया है। संविधान के लाल रंग के इस पाकेट एडिशन को हाथ में लेकर राहुल गांधी संसद के भीतर और सोनिया संसद के बाहर लहराते रहे। कल संसद का पहला ही दिन था, कोई कामकाज नहीं होना था, सिर्फ सांसदों को शपथ लेनी थी, लेकिन अगली पंक्ति में बैठे राहुल गांधी ने रैड बुक तब लहराई, जब मोदी और शाह शपथ लेने आए। मजेदार बात यह कि ठीक उसी समय उनकी मां सोनिया गांधी संसद के बाहर संविधान की प्रति लेकर सहयोगियों के साथ जोर-जोर से लहरा रही थी।

श्री पारख ने आश्चर्य व्यक्त करते कहा कि समझ नहीं आया कि जिस संसद की इमारत खुद ही संविधान पर टिकी है, वहां संविधान की प्रतियां दिखाकर कांग्रेस साबित क्या करना चाहती है? कांग्रेस और इंडी वाले चुनाव के समय भी संविधान-संविधान खेल रहे थे। यह ठीक है कि चुनाव के दौरान विपक्ष ने चुनाव बाद संविधान बदलने का डर दिखाया, जो काम आया, परन्तु अब लाल किताब दिखाकर क्या कांग्रेस खुद को संविधान का मसीहा साबित करना चाहती है?

# धूमधाम से मनी कबीर जयंती



**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. एक बजरंगपुर नवागांव में कबीर जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर इकाई साहू समाज कबीरपंथी एवं वार्डवासियों द्वारा किया गया। रविकर साहेब महात्मा लेखचंद साहेब द्वारा दिव्य प्रवचन दिया गया। अतिथि साहेब में विजय साहेब, रविकर साहेब, साध्वी सरोज द्वारा प्रवचन किया गया। सुरेश यादव एवं मंडली द्वारा संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया। महात्मा लेखचंद साहेब ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सद्गुरू कबीर साहेब का अतुलनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष अनिल साहू ने की। कार्यक्रम में धंसूराम साहू, लेखराम साहू, राहुल साहू, अनिल साहू, अनूप साहू, चन्द्रप्रभा साहू, खिलेन्द्र साहू, तोरण साहू, भिषम साहू, कमलेश्वरी साहू, दिलेश्वरी, राजेश्वरी साहू, कौशल साहू, मोहनी साहू, लीला साहू, ममता साहू, सुरेन्द्र साहू, थानूराम साहू, दुलेश्वर साहू, योगेश साहू, लोकेश साहू, गोपाल राम, शंभूराम, लेखराम, प्रेमलाल, नंदलाल, कुलेश्वर, नारद लाल, हीरासिंग, डोमन, रामकृष्ण, मानसिंग, रामकुमार, धीरज, कमलकिशोर, सचिन, जयेश, रूपचंद, गोदावरी साहू, लक्ष्मी साहू, शोभा साहू, चित्ररेखा साहू समेत अन्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र साहू ने किया। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने दी।









बैठक : स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा कर दिए निर्देश

# मौसमी बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य अमला अलर्ट रहें : कलेक्टर

- जनमेजय महोबे ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री महोबे ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शहरी सहित वनांचल क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सिकलसेल, डायरिया, मलेरिया, डेंगू, जनसंख्या, टीबी के नियंत्रण तथा आयुष्मान कार्ड के लिए जिले में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली और विशेष कार्य योजना तैयार कर उचित क्रियान्वयन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री महोबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कहा कि मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते हुए अलर्ट रहें। किसी भी प्रकार की सूचना मिलते ही मौके पर अपनी टीम भेजकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा तत्काल मुहैया कराएं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, डीपीएम अनुपमा तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और चिकित्सक उपस्थिति थे।

### स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहते हुए कार्य करने के आवश्यक निर्देश दिए



कलेक्टर ने बारिश के दौरान डायरिया के प्रकोप की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहते हुए कार्य करने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ अमला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर डायरिया के लक्षण वाले मरीजों की जानकारी मिलने पर तत्काल जांच करें। प्रभावित क्षेत्रों में टीम तैनात किए जाएं, जो तुरंत उपचार और आवश्यक सेवाएं प्रदान कर सकें। इन क्षेत्रों मंन यह सुनिश्चित किया जाए कि पीने का पानी साफ हो। उन्होंने डायरिया के रोकथाम के लिए ग्रामों में पानी की नियमित जांच करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए सरपंच, सचिव, एनजीओ को शामिल करते हुए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिसमें लोगों को डायरिया के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी जाए। विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जाए। डीपीएम ने बताया कि 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया के रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने प्रभावी कार्य योजना तैयार कर उचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में सिकलसेल एनिमिया जांच की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसके अनुरूप कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए विशेष अभियान चलते हुए सभी बीएमओ को लक्ष्य लेकर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ शुगर और बीपी की जांच को शामिल करने के निर्देश दिए। जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, शासकीय कार्यालयों और स्वास्थ्य संस्थाओं में सिकल सेल की जांच की जाएगी।

# मक्के स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिन बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी नवप्रवेशी छात्र छात्राएं को तिलक व माला तथा मिठाई खिलाकर स्कूल में प्रवेश दिलाया गया । जिसमें सदस्य गण जलेश साहू द्वारा न्योता भोज कराया गया । जिसमें ग्राम के ग्राम पटेल कुमार साहू, सरपंच मुक्तानंद साहू, पालक गण, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खण्डे, युगल किशोर साहू, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष दुखिया साहू, सदस्य श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती मधु साहू, श्रीमती इंद्राणी साहू, श्रीमती तुलेश्वरी साहू, श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती हेमलता मानिकपुरी, श्रीमती सुकृति साहू और पूर्व माध्यमिक शाला अध्यक्ष मनोहर साहू, उपाध्यक्ष दुखिया साहू, सदस्य भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, जलेश साहू, फलेंद्र दास मानिकपुरी, सफाई कर्मी मनहरण साहू, रसोईया मोहित साहू, श्रीमती रजन साहू व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### गुरूकुल पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने नेपाल में रचा स्वर्णिम इतिहास



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के सुप्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ के साथ भारत को गौरवान्वित किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूकुल के छात्र शाश्वत श्रीवास्तव, चिन्मय श्रीवास्तव तथा संगीत शिक्षक योगेश बल्हारे ने नेपाल के काठमाण्डू में आयोजित कंचन कोशी पशुपति महोत्सव 2024 के अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में अंश ग्रहण किया, जिसमे वोकल (स्वर गायन) वर्ग में छात्र शाश्वत श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, चिन्मय श्रीवास्तव नें द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के एक स्वर गायन वर्ग में संगीत शिक्षक योगेश बल्हारे ने भी प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता मे गुरूकुल की इस विशेष उपलब्धि पर प्रभारी प्राचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सफल प्रतिभागियों के कठोर परिश्रम एवं दृढ इच्छा शक्ति का परिणाम माना। संस्था के अध्यक्ष ने विद्यार्थियों सहित संगीत शिक्षक की इस महती उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन आज से

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में 28 जून से 6 जुलाई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन स्व श्रीमती रामबाई शर्मा के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक पं आशीष पाठक भोरमदेव वाले पुजारी द्वारा ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान समय दोपहर 9 बजे से हरि इच्छा तक कराया जाएगा। वहीं मुख्य यजमान श्रीमती श्रद्धा दुष्यंत शर्मा विराजमान है। जिस पर आसपास के ग्रामीणों व भक्तजनों को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर एक घड़ी नहीं तो आधो घड़ी कथा रसपान करने अपील की गई।

### संस्कार पब्लिक हाई स्कूल कोलेगांव में मनाई शाला प्रवेशोत्सव

**हरिभूमि कोलेगांव।** संस्कार पब्लिक हाई स्कूल कोलेगांव में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया एवं तत्पश्चात सत्र 2023-24 में छात्र-छात्राओं को जो अच्छा पढ़ाई में योगदान रहा उसको प्रवेश उत्सव के पावन पर्व पर सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 7वीं के छात्र दौलत साहू प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं विनायक शर्मा ने कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र नें अपने स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता के भी मान सम्मान बढ़ाया।

# शाला प्रवेश उत्सव की धूम, विद्यार्थियों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को शिक्षा सत्र 2024-25 का शुभारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सभी शालाओं में शाला प्रवेश को उमंग व उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की छाया चित्र में अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित किया गया। शाला परिवार की ओर से सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं नव प्रवेशी विद्यार्थियों को गुलाल व मिष्ठान खिलाकर गणवेश तथा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी के बच्चे प्राथमिक विद्यालय में पांचवी उत्तीर्ण बच्चे पूर्व माध्यमिक तथा आठवीं उत्तीर्ण बच्चे हाई स्कूल में प्रवेश लिए कक्षा पहली से आठवीं तक विद्यार्थियों को पुस्तक के साथ गणवेश तथा हाई स्कूल के बच्चों को पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को लगन के साथ अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया गया।

अतिथियों ने बताया कि बच्चे को जन्म माता-पिता देते हैं, किन्तु उनमें ज्ञान का संचार कर समाज में जीने लायक इंसान शिक्षक बनाते हैं। वहीं दिनेश पांडेय ने नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ में सभी छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान सरपंच सोहन सारथी, डॉ संतोष साहू, रामाधार शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, विनोद साहू , मनोज साहू, रवि साहू, मुकेश साहू, दुर्गेश साहू, शाला प्राचार्य सुकील साहू, शैक्षिक समन्वयक रामफल चंद्राकर, प्रधान पाठक शिवप्रसाद कोसारिया, प्रधान पाठक प्राथमिक नारद साहू, व्याख्याता संतोष डहरिया, लक्ष्मीकांत कश्यप, शिक्षिका निधि सोनी, शिक्षक अवधेश पयासी, शशिकांत तिवारी, मुनींद्र साहू तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# विधायक ने कुण्डा में किया छठवें भावना सेवा सुविधा केंद्र का शुभांरभ

## रणवीरपुर में आयोजित जन दर्शन कार्यक्रम में विधायक ने सुनीं जनता की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधानसभा चुनाव के पूर्व भावना दीदी की गारंटी में जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास हेतु जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना करने का संकल्प किया था। आज उनका यह संकल्प सिद्धि की ओर अग्रसर है। पंडरिया विधानसभा की जनता के समस्याओं का निराकरण करने विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने गुरूवार को ग्राम कुण्डा में छठवें जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र का शुभारम्भ किया।

एक जनप्रतिनिधि द्वारा जनता से किए अपने वादे को पूरा करने के लिए श्रीमती भावना बोहरा की सक्रियता की सराहना आज पूरे विधानसभा की जनता कर रही है। भावना बोहरा ने ग्राम कुण्डा में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया, इसके पूर्व उनके द्वारा वनांचल क्षेत्र कुकदुर, पंडरिया, पाण्डातराई, रणवीरपुर एवं इंदौरी में इस केंद्र की शुरुआत हो चुकी है। विधायक द्वारा लगातार जन दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से भी जनता के समक्ष उनके गांव व क्षेत्र व्याप्त समस्याओं से अवगत हो रहीं हैं।

ग्राम रणवीरपुर के समरसत्ता भवन में आयोजित जन-दर्शन कार्यक्रम में विधायक श्रीमती बोहरा जनता से रूबरू हुईं। विधायक ने जनता की समस्याओं को सुना और प्राथमिकता के साथ उसके उचित निवारण हेतु शिविर में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया। इसके पूर्व भी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में इस कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जनता के बीच जाकर वे उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं से अवगत हो रहीं हैं, साथ ही उसका समाधान कर रहीं हैं। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जाएगा और जनता से सीधे संवाद कर उनकी हर दुविधाओं का समाधान करने के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा।

केंद्र के शुभारम्भ अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज ग्राम कुण्डा में हमने जनसेवा ही भावना केंद्र का शुभारम्भ कर जनता की सेवा में समर्पित किया है और मुझे विश्वास है कि इस केंद्र की स्थापना से क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाओं के साथ ही उनकी मूलभूत समस्याओं का भी त्वरित निवारण होगा। सर्वे भवन्तु सुखिनः हमारी भारतीय संस्कृति व परंपरा रही है और इसी उद्देश्य को सार्थक करने का प्रयास करते हुए हमने जनता की समस्यों, दुविधाओं का निराकरण करने के साथ ही उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सकें और क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव हमें प्राप्त हो सकें इसके लिए हमने इस केंद्र की स्थापना की है। जनता से सीधे-संवाद करने का यह एक बहुत ही सरल माध्यम है, जिससे हमें क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का निराकरण कर जनता की खुशहाली व क्षेत्र की समृद्धि के लिए कार्य करने का अवसर मिल रहा है। कुण्डा क्षेत्र में निवासरत परिवारजनों को इस केंद्र के माध्यम से किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला कार्यालय आने-जाने की असुविधा से नहीं उठानी पड़ेगी और उनके गांव के समीप ही हर समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से हो सकेगा।

### सात प्रमुख स्थानों में इन केन्द्रों को शुरू करने का संकल्प जल्द ही पूरा होने वालाः श्रीमती भावना बोहरा

विधायक नें कहा कि हमने विधानसभा के सात प्रमुख स्थानों में इन केन्द्रों को शुरू करने का संकल्प किया है और जल्द ही हमारा यह संकल्प पूरा होने वाला है। आज मुझे खुशी है कि छः स्थानों में हमने इस केंद्र की स्थापना कर दी है जहां कार्य भी शुरू हो चुका है। इसके साथ ही जन दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से भी जनता के बीच पहुंचकर उनकी आकांक्षाओं व समस्याओं को सुनकर उसे दूर करने के लिए भी हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं, जिसमें जनता का भरपूर सहयोग व मार्गदर्शन भी हमें प्राप्त हो रहा है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारा यह दायित्व बनता है कि जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें क्षेत्र के विकास, वहां व्याप्त समस्याओं को दूर करने एवं जन सुविधाओं का विस्तार करने की जो जिम्मेदारी दी है, उस जिम्मेदारी व अपने दायित्वों को हम पूरा करें और इसे पूरा करने में जनता की भी जनभागीदारी हमारे लिए बहुमूल्य है।

### केंद्र व छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन : विधायक

भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा का सर्वांगीण, विकास, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और केंद्र व छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन तथा जनता को उसका लाभ मिल सके इसके लिए हम अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखेंगे। हाल ही हमने क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भावना दीदी की गारंटी में निःशुल्क एम्बुलेंस की सेवा का जो संकल्प किया था उसे जनता के आशीर्वाद और मार्गदर्शन के साथ ही कुल आठ एम्बुलेंस की निःशुल्क सेवा हमने शुरू की है, जिससे क्षेत्रवासियों को आपातकालीन परिस्थिति व गर्भवती माताओं-बहनों को भी अस्पताल आने-जाने की सुविधा मिल रही है।

न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईशतहार //

ईकोर्ट प्रकरण क्रमांक 202404080800063/अ-4 अ/ वर्ष 2023-24

ग्राम -इंदौरी प.ह.नं.-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवीन कुमार ठाकुर पिता शिवराम सिंह ठाकुर निवासी तहसील तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के नाम व स्वामित्व की भूमि ग्राम इंदौरी प.ह.नं. 24 तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम स्थित भूमि खसरा नंबर 393/23 रकबा 0.405 हे. भूमि स्थित है उक्त वर्णित भूमि कम्प्यूटर में ऑनलाईन त्रुटि वश अनावेदिका दुर्गाबाई पति खोरबहरा का नाम प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक ने त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त वाद भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 05.07.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार आज दिनांक 27.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक -27.06.2024
पेशी दिनांक - 05.07.2024

मुहर — नायब तहसीलदार, पिपरिया

समाज ने दी चेतावनी, बरदास्त नहीं किया जाएगा अन्याय : रमेश यदु

# सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात की, पीड़ित मिलन यादव को न्याय की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में जमीन विवाद को लेकर तहसीलदार और पटवारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए दुल्लापुर के एक यादव परिवार ने इच्छा मृत्यु की मांग की है। आरोप है कि पटवारी और तहसीलदार ने किसी रसूखदार के कहने पर उन्हें न केवल प्रताणित किया है बल्कि जेल भेजने की धमकी भी दी है। अब इस पूरे मामले सर्व यादव समाज ने भी कलेक्टर को आवेदन देकर यथोचित न्याय व कार्यवाही की मांग की है। सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गुरूवार को कलेक्टर जनमेजय महोबे से मुलाकात कर पीड़ित मिलन यादव को न्याय दिलाने व धोखाधड़ी करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है।

पूरा मामला कवर्धा तहसील अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर का है, जहां पीड़ित मिलन यादव के मुताबिक नेशनल हाईवे पर सात डिसमिल जमीन है। जिस पर उनके पूर्वज 60 वर्ष से काबिज थे। वहीं उसके पीछे किसी रसूखदार ने भी कुछ वर्ष पहले जमीन लिया है। आरोप है कि रसूखदार के कहने पर पटवारी और तहसीलदार पीड़ित मिलन यादव की जमीन को सरकारी बोलकर बार-बार बेदखल आदेश और नोटिस जारी करते हैं।

जिससे परेशान होकर मिलन यादव ने परिवार समेत ईच्छा मृत्यु की मांग को लेकर एक माह पहले आवेदन भी दिया था। इसके बावजूद पीड़ित की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया। जिस पर गुरूवार को सर्व यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय और दोषियों पर कार्यवाही कि मांग की है। वहीं लालपुर में साधराम यादव हत्याकांड के बाद यादव समाज के ही दुल्लापुर निवासी मिलन यादव ने परिवार समेत ईच्छा मृत्यु की मांग कलेक्टर से की है। आरोप है कि तहसीलदार हुलेश्वर पटेल व पटवारी निर्मल साहू के आतंक से परिवार सदमे में है।

उन्होंने मानसिक प्रताड़ना का भी आरोप तहसीलदार और पटवारी पर लगाया है। सोशल मीडिया में खबर वायरल होने के बाद यादव समाज ने इसका विरोध जताया है और समाज में आक्रोश है। वहीं सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि यादव समाज के मिलन यादव के साथ किसी भी तरह का अन्याय होगा तो यादव समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेकर यथोचित न्याय करने की मांग की है और यदि ऐसा नहीं होगा तो सर्व यादव समाज के लोग कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने से लेकर आंदोलन करने बाध्य होंगे।

# छात्र छात्राओं के साथ स्कूलों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी व निजी स्कूलों में बुधवार को छात्र छात्राओं के साथ स्कूलों में रौनक आ गई है। गर्मी छुट्टी की अवधि पूरी होने पर सभी सरकारी स्कूलों के साथ ही साथ निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के पहुंचने के साथ रौनक लौट आई है वहीं अलग-अलग कक्षाओं में लगने वाले स्कूलों में पहले से ही शिक्षक पहुंचकर विद्यार्थियों का इंतजार था। पहले दिन स्कूल खुलते ही बड़ी संख्या में बच्चे अपने-अपने स्कूलों में पहुंचे। जिसमें शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक तथा हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं की उपस्थिति अच्छी खासी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में तो बड़ी संख्या में पालक भी अपने बच्चों को लेकर पहुंचकर दाखिले का सिलसिला रहा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से परिचय प्राप्तकर पढ़ाना शुरू कर दिया है, शिक्षकों से मिली जानकारी के अनुसार पहली बार स्कूलों में बगैर गांव में मुनादी कराई बच्चों का स्कूल में पहुंचना हुआ साथ ही साथ बच्चों में पढ़ाई के प्रति निश्चित रूप से रुचि जगी है। इसी का परिणाम है कि बच्चे पहले ही दिन स्कूल पहुंचे। लगभग डेढ़ माह से अधिक समय तक स्कूलों के ग्रीष्म अवकाश से स्कूल बंद था। वहीं बुधवार को स्कूल के पट खुलते ही रौनक वापस लौट आई है। पहले दिन से पढ़ाई शुरू कराने के निर्देश शासन स्तर से दिए गए हैं। इस कारण शिक्षक भी पहले दिन से ही पढ़ाई पर फोकस कर रहे हैं, पहले दिन जितने भी बच्चे आए उन्हें अगली कक्षा में दाखिला देने के साथ उन्हें अंकसूची भी प्रदान की गई। वहीं मुंह मिठाकर व निःशुल्क पुस्तक वितरण किया।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

**समाधान:** जिले में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाएं दुरुस्थ करने की जरूरत

# सर्पदंश से गई महिला की जान बंद था मरका उपस्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा


जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही मौसमी बीमारियों, डायरिया, हैजा, मलेरिया और जहरीले जीव जंतुओं का खतरा बढ़ गया। ऐसे में निश्चित रूप से जिले के स्वास्थ्य विभाग को शहर से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में अपनी स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर रखने की जरूरत है ताकि जरूरत पडऩे पर जरूरतमंदों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 26 जून को जिले के पिपरिया थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिपतरा निवासी चमेली बाई श्रीवास पति अजय श्रीवास आयु 40 वर्ष अपने घर के आंगन में घरेलू कामकाज निपटा रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान उसे एक जहरीले सर्प ने पैर में दंश मार दिया। जिसके बाद चमेली बाई की तबियत बिगडऩे लगी। अपनी बहन के सर्पदंश से पीड़ित होने और उसकी तबियत बिगडऩे की सूचना पर उसका भाई बलराम श्रीवास उसके घर पहुंचा और उसे तत्काल मरका उपस्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचा। लेकिन बलराम की माने तो मरका उप स्वास्थ्य केन्द्र में ताला लटका हुआ था और वह बंद पड़ा था। जिसके कारण पीड़िता को प्राथमिक उपचार नहीं मिल पाया और बलराम उसे लेकर भागा-भागा पिपरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। जहां ईलाज के दौरान चमेली बाई की सांसे उखड़ गई और उसकी मौत हो गई। बाद में अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मौके पर पहुंची पिपरिया पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया।

### स्वास्थ्य शिविरों के भरोसे व्यवस्था



माना जा रहा है कि अगर मरका स्वास्थ्य केन्द्र खुला होता और सर्पदंश की पीड़िता को कोई प्राथमिक उपचार मिल गया होता तो शायद उसकी जान बच जाती लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। ऐसे में निश्चित रूप से ग्रामीण और वनांचलों में क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने संचालित किए जा रहे प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं पर सवाल उठना लाजमी है। बेहतर होगा कि शासन, प्रशासन तथा जिले का स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित करने के साथ ही अपने प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य के न्द्रों की व्यवस्थाएं दुरूस्थ करता ताकि जरूरतमंदों को नियमित रूप से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### सर्पदंश से जिले में हर साल जाती है कईयों की जान



गौरतलब है कि कबीरधाम जिले का एक बड़ी आबादी वनांचल क्षेत्रों में निवासरत है। वहीं अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत है। जहां वर्षाकाल के दौरान जहरीले जीवजंतुओं का खतरा बना रहता है। यही वजह है कि हर जिले में वर्षाकाल के दौरान सर्पदंश के कई मामले सामने आते हैं। जिनमें से कुछ को समय पूर्व ईलाज मिलने से उनकी जान बच जाती है और कुछ ईलाज के आभाव में अपनी जान गवां बैठते हैं। इस बार भी वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ही जिले में सर्पदंश के मामले सामने आने लगे हैं। ऐसे में बेहतर यही होगी कि स्वास्थ्य विभाग सर्पदंश के मामले से निपटने के लिए और पीड़ितों की जान बचाने के लिए जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक इंतजाम सुनिश्चत करे।

# परीक्षा परिणाम से हताश व निराश छात्र ने की आत्महत्या

■ बीएससी की परीक्षा में अनुर्तीण होने के बाद उठाया आत्महत्या का कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा में अनुतीर्ण होने के बाद हताश और निराश एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम डेहरी की बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनो की सूचना पर मौके में पहुंची मृतक युवक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डेहरी निवासी मनोज मरकाम पिता चन्द्रकुमार मरकाम आयु 20 वर्ष ने वर्ष बीते शिक्षा सत्र में बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा अनियमित छात्र के रूप में दिलाई थी। बताया जाता है कि हाल ही बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा के परिणा घोषित होने के बाद उसने अपना परीक्षा परिणाम इंटरनेट के माध्यम से देखा जिसमें वह अनुतीर्ण था। इस जानकारी के बाद छात्र हताश और निराश हो गया। जिसके चलते उसने गत 26 जून की शाम को मौका देखकर अपने घर के एक कमरे में लगे सीलिंग फेन में गमछा के सहारे फांसी का फंदा तैयार कर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। देरशाम तक जब मनोज अपने कमरे बाहर नहीं निकला तो परिजनो ने उसकी सुध ली तो वह अपने कमरे में लगे पंखे में फांसी के फंदे मृत अवस्था में लटका मिला।

जिसकी सूचना परिजनो ने तत्काल पिपरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया। 27 जून को मृतक का पीएम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनो को सौंप दिया है। इस दुखद घटना के बाद मृतक के परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।


परिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मनोज ने पूर्व में जीव विज्ञान विषय लेकर 12 वीं की परीक्षा दिलाई थी जिसमें उसे पूरक की पात्रता मिली थी। तभी से वह निराश रहता था जैसे तैसे उसने 12 पूरक की परीक्षा उत्तीर्ण कर बीएससी प्रथम वर्ष में दाखिला लिया था लेकिन पिछले साल वह बीएससी प्रथम परीक्षा में फेल हो गया था जिससे वह काफी हताश और निराश हो गया था।

इस बार भी उसने अनियमित छात्र के रूप में बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा दिलाई थी लेकिन इस बार भी उसे सफलता नहीं मिल पाई और टूट गया। जिसके चलते उसने यह घातक कदम उठा लिया।

### ग्राम अंजना में सर्पदंश से युवक की मौत

**कवर्धा।** सर्पदंश का एक मामला जिले के झलमला थाने के वनांचल ग्राम अंजना से सामने आया है। यहां रहने वाले सुकलू मेरावी नाम का युवक खेत में काम कर रहा था। इसी बीच उसे जहरीले सांप ने दंश मार दिया। परिजन पहले उससे गांव में ही झाड़-फूंक कराने लगे, जिसके बाद अस्पताल ले गए। इलाज में देरी के चलते युवक की मौत हो गई। समय रहते यदि वह अस्पताल पहुंचता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। पीएम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### अनफिट बसों पर की जा रही लगातार कार्यवाही

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने परिवहन विभाग को नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले सभी स्कूल बसों का जांच करने के निर्देश दिए है। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि आज परिवहन विभाग से परिवहन निरीक्षक आरसी कुंजाम के द्वारा स्कूलो में संचालित स्कूल बसों की जांच की गई। जिसमें 1 अनफिट स्कूल बस को जब्त कर पुलिस थाना कवर्धा में सुरक्षित खड़ा किया गया था। उन्होंने बताया कि कमिया पाए जाने पर 4 स्कूल बसों पर मोटरयान अधिनियम के तहत 14 हजार रुपए की चलानी कार्यवाही की गई।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन पेड़ से टकराई



**कवर्धा।** जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुई-देवसरा मार्ग में गुरूवार की दोपहर एक तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। बताया जाता है कि स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 24 के 3688 की रफ्तार इतनी तेज थी कि चालक उसे नियंत्रित नहीं कर पाया और हादसा हो गया। हालांकि घटना के बाद वाहन सवारों की स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना कुकदुर पुलिस को दे दी गई है।

# मुड़घुसरी (जं.) में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, निकाली गई रैली

■ रैली निकालकर वनांचल में जगाई गई शिक्षा की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम मुड़घुसरी (जं.) में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों ने अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली। यह रैली शिखर युवा मंच के सहयोग से आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों ने हिसा लिया और शिक्षा का संदेश दिया। रैली में भाग लेने वाले बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। नारों एवं गीतों के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजने एवं शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक, पंचायत प्रतिनिधि एवं शिखर युवा मंच की टीम ने भाग लिया। सभी ने मिलकर शिक्षा को बढ़ावा देने का सामूहिक प्रयास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जिसमें सभी ने सक्रिय भागीदारी कर इसे सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस प्रकार शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम ने शिक्षा के महत्व को समझाने एवं अभिभावकों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नौ वर्षीय बालक का अपहरण कर हत्या करने वाले तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नौ साल के बच्चे का अपहरण कर उसकी निर्मम हत्या करने वाले तीन आरोपियों को घटना के करीब साढ़े चार साल बाद न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है कि जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिड़ौरा निवासी पेशे से शिक्षक कुशलराम राणा के तीसरी कक्षा में अध्यनरत नौ वर्षीय पुत्र हिमांशु राणा उस समय अचानक लापता हो गया था जब वह स्कूल से घर लौटने के बाद शाम को घर से खेलने के लिए निकला था। हिमांशु के देरशाम तक वापस घर नहीं पहुंचने पर उसके परिजनो ने उसकी सुध ली और खोजबीन शुरू की गई। लेकिन देररात तक परिजनो और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार की खोजबीन के बाद भी हिमांशु का कोई सुराग नहीं मिला था। बाद में परिजनो ने इसकी गुमसुदगी स. लोहारा में दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने भी हिमांशु की काफी खोजबीन की परंतु उसका कहीं कोई अतापता नहीं चल पाया। अंततः पुलिस को सफलता मिली और हिमांशु का शव बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में बालक का अपहरण कर उसकी निर्मम हत्या करने वाले आरोपी यशवंत पाली पिता रमेश पाली उम्र 21 वर्ष, कोमल उर्फ छोटू पाली पिता दिलीप पाली, उम्र 19 वर्ष तथा हेमन उर्फ हेमंत पाली पिता गणेश पाली उम्र 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम बिड़ोरा, थाना सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम (छग) के विरूद्ध मामला दर्ज कर तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरुद्ध अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय कबीरधाम के समक्ष विचारण हेतु पेश किए। विचारण के दौरान माननीय विशेष न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के न्यायालय में अभियोजन की ओर से अपने समर्थन में साक्ष्य कराया गया। साक्ष्य उपरांत अभियोजन पक्ष एवं आरोपीगण के बचाव अधिवक्ता की ओर से माननीय न्यायालय के समक्ष अपने-अपने पक्ष में तीखी बहस किया गया उसके पश्चात माननीय न्यायालय ने प्रकरण को निर्णय हेतु सुरक्षित किया। माननीय विशेष न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, कबीरधाम ने दोनो पक्षों की बहस सुनने के पश्चात तथा प्रकरण में उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर आरोपीगण यशवंत पाली, कोमल उर्फ छोटू पाली, आरोपी हेमन उर्फ हेमंत पाली को धारा 363 भादंसं के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड, धारा 120 (बी) भादंसं के तहत आजीवन कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड, धारा 302 भादंसं के तहत आजीवन कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड, धारा 201 भादंस के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड एवं धारा 3(2) (व्ही) एट्रोसीटी एक्ट के तहत आजीवन करावास एवं 500 रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

# वर्षारानी ठाकुर बनीं महिला कांग्रेस कवर्धा शहर अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कांग्रेस के महिला संगठन में मजबूती लाने एक बार फिर से वर्षारानी ठाकुर को शहर अध्यक्ष कवर्धा की बागडोर सौपी गई है। महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण पदों की नियुक्ति की गई है। जिसमें कवर्धा शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी वर्षारानी ठाकुर को दी गई है। इससे पहले भी भाजपा सरकार के दौरान वर्षारानी शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस की जिम्मेदारी सम्भाल चुकी है। उनके संगठन के काम को देखते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने दोबारा जिम्मेदारी दी है। वही वर्षारानी ठाकुर भाजपा सरकार के दौरान नगर पालिका परिषद में पार्षद भी रह चुकी है। लगातार विपक्ष में रहते हुए वर्षारानी ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ सरकार के जनता विरोधी फैसले का विरोध करते हुए संगठन को मजबूत कर चुकी है। इसके कारण प्रदेश महिला कांग्रेस ने वर्षारानी ठाकुर को दोबारा कवर्धा महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष नियुक्त की है। उनके शहर अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में हर्ष है। उनकी इस नियुक्ति से उनके समर्थकों तथा महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है।

# जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन, लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया ब्लाक के ग्राम डोमसरा में प्राथमिक व माध्यमिक शाला में गुरुवार को नेवता भोज का आयोजन किया गया।

मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक प्रवीण तिवारी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया। जिसमें प्राथमिक व माध्यमिक शाला के बच्चों जनप्रतिनिधियों, संकुल प्रभारी, समन्वयक व आस-पास के विद्यालय के शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। नेवता भोज में केला, तरबूज, पूरी, सब्जी, चांवल दाल सभी लोगों को खिलाया गया। नेवता भोज शासन द्वारा लागू किया गया है, जिसमें ग्रामीणों, कर्मचारियों व अन्य लोगों द्वारा स्कूल में भोजन व्यवस्था कराई जाती है। नेवता भोज कराने पश्चात श्री तिवारी ने स्कूल परिसर में कदम्ब का एक पौधा रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया।

इस दौरान सरपंच अनिल पटेल, समिति के अध्यक्ष घांसी राम पटेल, संकुल प्रभारी धीरज देवांगन, समन्वयक ईश्वर तिवारी, प्रधान पाठक कुमुदिनी तिवारी, मोहन राजपूत, विश्वलता मानिकपुरी, शिक्षक प्रवीण तिवारी, यशवंत पाठक, आभा बघेल, निशा सिंगरौल सहित रमेश जायसवाल, मुकेश जायसवाल, इंद्रजीत सिंह ठाकुर, दयाराम व बच्चे उपस्थित थे।

### नेवता भोज...



**पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम डोमसरा में संचालित शासकीय प्राथमिक व मिडिल स्कूल में न्यौता भोज।

कवर्धा नगर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थल में बने आयुष्मान कार्ड व लायसेंस

# जनसमस्या निवारण शिविर में कई प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आज 26 जून को अंबेडकर चौक स्थित वीर सावरकर भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वार्ड क्रमांक 09, 10, 11 एवं वार्ड क्रमांक 20 के निवासियों से मूलभूत समस्या व अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। परिवहन विभाग को लायसेंस बनाये जाने हेतु 120 आवेदन प्राप्त हुए तो 130 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया गया। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार कवर्धा शहर के सभी वार्ड के हितग्राहियों हेतु जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जनसमस्या निवारण शिविर नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत परिवारों के समस्याओं से रूबरू होने उनके नजदीक वार्ड तक, मोहल्ला तक घर-घर जाकर उनके समस्याओं को समझने व उसका निराकरण करने का प्रयास करते हुए शासन की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाना है। नगर पालिका की जनप्रतिनिधि टीम, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी टीम व खाद्य विभाग, नजूल विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ मिलकर कार्य योजना तैयार करते हुए दिनांक 23 जून से लेकर आगामी 08 जुलाई तक वार्डो सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन विभिन्न चिन्हांकित स्थलों में किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें आज 26 जून को वीर सावरकर भवन में विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग 10 आवेदन, राशनकार्ड हेतु 51 आवेदन, पेंशन हेतु 02, जन्म मृत्यु आवेदन 03, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 3, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 6, श्रम विभाग पंजीयन 49, आयुष्मान कार्ड 130, हेल्थ चेकअप 40, आधार, राजस्व विभाग आय जाति निवास 41, विद्युत विभाग 15, कृषि विभाग 3, परिवहन विभाग 120, नजूल विभाग 55, लोक निर्माण विभाग नगर पालिका 13, राजस्व विभाग नगर पालिका 02 आवेदन प्राप्त हुए। आगामी जनसमस्या निवारण शिविर दिनांक 29.06.2024 को वार्ड क्रमांक 12, 13, 14, 15 को स्थान-आत्मानंद विद्यालय कचहरी पारा में लगाया जायेगा। जनसमस्या निवारण शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जिला भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सभापति व पार्षद उमंग पांडे, जिला भाजपा वरिष्ठ निर्मल द्विवेद्वी, भूपेन्द्र सिंह, भाजयुमो सौरभ शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे सहित अधिक संख्या में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण व हितग्राहीजन उपस्थित थे।

### नशा निवारण के लिए किया जागरूक

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्डलाईन के कर्मचारियो द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 एवं संशोधित किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2021 यथा संशोधित आदर्श नियम 2022 की विस्तृत जानकारी दी। यहां बताया गया की जे जे एक्ट की धारा 77 जो कोई सम्यक रूप से अर्हित चिकित्सा व्यवसायी के आदेश से अन्यथा किसी बालक को लोक स्थान में कोई मादक लिकर या कोई स्वापक औषधि या तंबाकू उत्पाद या मनः प्रभावी पदार्थ देगा या दिलवाएगा यह कठोर कारावास से, जिसकी अवधि सात वर्ष तक की हो और जुर्माने से भी, जो एक लाख रुपए तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा। धारा 78 किशोर न्याय अधिनियम विवरण जो कोई भी व्यक्ति किसी मादक मदिरा, स्वापक औषधि या मनःप्रभावी पदार्थ की बिक्री, खरीद-फरोख्त, परिवहन, आपूर्ति या तस्करी के लिए किसी बालक का उपयोग करता है, उसे सात वर्ष तक के कठोर कारावास तथा एक लाख रुपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012, बालश्रम, बाल विवाह, दत्तक ग्रहण, बेटी बचाओ, बेटी पढाओ के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताए कि 18 वर्ष से कम के बालक, बालिकाओं जिसे देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता हो तो महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर 1098 में सूचना दिया जा सकता है। ऐसे बच्चे जो शिक्षा से वंचित होकर बालश्रम, भिक्षावृत्ति, नशावृत्ति में लिप्त होते है उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास प्रभावित होता है और वे अच्छे नागरिक बनने में असमर्थ हो जाते है तथा समाज में बुराईयो को बढावा देते है।